पटना स्नातक क्षेत्र से नीरज कुमार की जीत पर जिला जदयू ने दी बधाई

गया जी। बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार की



जीतपर गया जिला जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर गया जिला जनता दल यू के जिलाध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा ने नीरज कुमारको बधाई देते हुए कहा कि यह जीत उनके प्रति स्नातक मतदाताओं के विश्वास और समर्थन को दर्शाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नीरज कुमार जी स्नातक मतदाताओं की समस्याओं, शिक्षा जगतकी चुनौतियों तथा युवाओं के हितों को प्रभावी ढंग से उठाते रहेंगे।

ई. अजय कुशवाहा ने कहा कि जनप्रतिनिधियोंकी जिम्मेदारी है कि वे जनता की अपेक्षाओंपर खरा उतरते हुए समाजके सभी वर्गोंके हितोंके लिए कार्य करें। उन्होंने नीरज कुमारके उज्ज्वल भविष्यकी कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। इस अवसरपर बधाई देनेवाले पार्टीके वरीष्ठ साथी रामलखन स्वर्णकार, अरुण कुमार राव राज्य परिषद सदस्य, अवध बिहारी पटेल, प्रभात कुमार राउत,शंभु सिंह, बृजराज पाण्डे,ललन पासवान,विनोद यादव, पप्पू दांगी, पिंकी कुमारी, सुनीता देवी, अजीत शर्मा, गौतम पटेल, दिनेश प्रसाद सिन्हा, धनंजय शर्मा, प्रकाश राम पटवा,राजू वर्मा , शिवपुजन प्रसाद, काशीफ अंसारी आदि शामिल हैं।

महिला ने ससुराल वालों पर लगाया मारपीट का आरोप

गुरारू (आससे)। गुरारू थाना क्षेत्र के राजा बीघा गांव में घरेलू विवाद को लेकर एक महिलाने ससुराल पक्षपर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। आवेदिका कंचन कुमारी, पति पिंटू मोची ने आवेदन में बताया है कि सास लक्ष्मीनिया देवी, ससुर सहदेव मोची एवं पति पिंटू मोची मिलकर अक्सर शराब पीकर मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। ग्रामीणों व रिश्तेदारों द्वारा कई बार समझाने के बावजूद आदत में सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि सभी ने शराब पीकर मारपीट कर घरसे भगा दिया, जिसके बाद वह पासके घर चली गई। अगले दिन घर लौटने पर फिर मारपीट की गई। शोर सुनकर ग्रामीणों ने डायल 112 को काल किया, जिसके बाद 112 पुलिस ने पहुंचकर महिला को बचाया और सभी को थाने लाया। थाने में ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब पीने की पुष्टि होने की बात आवेदन में कही गई है। पुलिस ने बताया कि बताया कि कांड संख्या 282/26 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

परैया के प्रभारी चिकित्सा पदा. डा. धर्मवीर कुमार का निधन

परैया (ससू)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत एक वर्षसे पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा धर्मवीर कुमारकी बुधवार सुबह मौत हो गई।परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से लीवर की बीमारीसे ग्रस्त चिकित्सक का इलाज चल रहा था।जिसको लेकर उन्हे हैदराबाद ले जाया जा रहा था। जहां ट्रेन में रायपुर स्टेशन के निकट उनकी मौत हो गई।45 वर्षीय चिकित्सक की मौत से परिवार पर मुसीबतका पहाड़ टूट पड़ा है।घटना के के बाद पत्नी व दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सृष्टि मंथन 2026 ' में दक्षिण बिहार के चार कार्यकर्ताओं की सहभागिता

गयाजी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के आयाम स्टूडेंट्स फार डेवलपमेंट द्वारा देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम ' सृष्टि मंथन 2026 ' में देशभरसे आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, पर्यावरण विशेषज्ञों एवं युवा



प्रतिनिधियों के दो दिवसीय संवाद और विचार-विमर्श के उपरांत ' देहरादून घोषणा-पत्र 2026 ' सर्वसम्मतिसे स्वीकार किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा सतत विकास के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें पर्यावरणीय समाधानों का सक्रिय भागीदार बनाना रहा। इस राष्ट्रीय कार्यक्रममें दक्षिण बिहार से एसएफडी के चार कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इनमें सूरज सिंह, प्रांत संयोजक एसएफडी , प्रांत सह संयोजक गौरव मिश्रा, कुसुम कुमारी, मनोहर मिश्रा कार्यकर्ता शामिल रहे। इन कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विचारों, अनुभवों एवं कार्ययोजनाओं को समझनेके साथ-साथ बिहार में पर्यावरणीय जागरूकता और विद्यार्थियों की सहभागिताको बढ़ावा देनेकी दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। देहरादून घोषणा-पत्र 2026 के माध्यमसे देशभरके महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्लास्टिक-मुक्त परिसर, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, जैव-विविधता के संरक्षण, कचरा प्रबंधन तथा पर्यावरणीय आडिट को प्रोत्साहित करनेका संकल्प लिया गया।

नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

टिकारी (आससे)।, ऐतिहासिक नगर टिकारी के छावनी मोहल्ला अनुमण्डलीय स्वास्थ्य केंद्र परिसर के सामने स्थित न्यू अवध मेडिकल हालके कैम्पस मे बुधवारको नि: शुल्क चिकित्सा शिविरका आयोजन किया गया! चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ जाने माने विशेषज्ञ मनो चिकित्सक डा मृदुल दीपांशु, उदय नारायण सिंह, चंदन कुमार सिंह एवं संतोष कुमार पाण्डेयने विधिवत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया! सुबह सात बजे से ही विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीज चिकित्सक के बैठते ही उमड़ पड़े, जिन्हे आयोजन कर्ताओं ने बड़े ही शालीनता के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से क्रम बार चिकित्सक के समक्ष ईलाज एवं सुझाव हेतु भेजा! इस नि: शुल्क चिकित्सा शिविर मे सबसे अधिक डिप्रेशन, एंगजायटी, पैनिक अटैक, मूड स्विन्ग, नींद न आने की बीमारी, बच्चों किशोरों के व्यवहार से संबंधित स्समस्याएं, धातु सिंड्रोम एवं याददास्त से संबंधित बिमारियोंकी अत्याधुनिक यन्त्रें उपकरणोंसे जांचकर मरीजोंको नि: शुल्क औषधि प्रदान किया गया। मौकेपर ईलाज कर रहे विशेषज्ञ मनो चिकित्सक डा मृदुल दीपांशु ने बताया की इस तरहके मरीजोंको अब ईलाजके लिए बड़े शहरोंकी ओर भाग दौड़ करनेकी जरूरत नहीं पड़ेगी! अत्याधुनिक उपकरणों, यन्त्रों एवं कारगर औषधियोंके द्वारा कम खर्च मे अपने टिकारी जैसे शहरमे सारी चिकित्सिय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है! शिविरको सफल बनानेमे चंदन कुमार सिंह, धीरज सिंह, दिवाकर कुमार, संतोष कुमार पाण्डेय, गौरव कुमार, श्याम किशोर की अहम भूमिका देखी गई!

Public Health Engineering Department
Public Health Engineering Division, Biharsharif
Govt. of Bihar
SHORT TERM TENDER NIT No –15 /DB&OM(Retender)
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P. H. Division, Biharsharif
2	Date of issue of Tender Notice	26.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	09.11.2026 to 14.11.2026 up to 15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	13.11.2026 at 12:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	17.11.2026 up to 15:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	17.11.2026 at 15:30Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.

8. Details of works:

Group No	Name of Work	Estimated Cost (in Lakh)	Amount of Earnest Money (in Lakh)	Cost of Tender Document (non-refundable) in Rs.	BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.)	Completion Period (in months)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Scheme for strengthen of Bhui SVS & 3 WLS Scheme (ward no. 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,&11) in Bhui Panchayat of using treated water of Silao MVS Phase-1 under P.H. Division, Biharsharif	487.587	9.752	10000.00	5900.00	6

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**
PR- 014346 (PHED) 2026-27
Executive Engineer
Public Health Division, Biharsharif
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बोधगया की बेटी अरीबा इकबाल ने रचा इतिहास, नेशनल आर्चरी चैंपियनशिपमें जीता गोल्ड मेडल

बोधगया। बिहार की बेटी अरीबा इकबाल ने नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर बोधगया समेत पूरे बिहार का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। अरीबा ने 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक दिल्ली-नोएडा के आउटडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और मेहनतका लोहा मनवाया।



बोधगयाके पछटी की रहने वाली अरीबा इकबाल की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि बेटियां भी खेलके मैदान में अपनी मेहनत और प्रतिभा से नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं। उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

अरीबा के पिता डा. एम.डी. इकबाल और माता डा रफत जबीन ने खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी बेटी एक दिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर देश का नाम रोशन करेगी। आज नेशनल चैंपियन, कल इंटरनेशनल चौंपियन बनने का सपना! अरीबा की यह सफलता क्षेत्रकी अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा है। उनकी उपलब्धि ने बोधगया को गौरवान्वित किया है।

'चक्रवात 'अर्णब' के संभावित प्रभाव को लेकर डीडीयू मंडल सतर्क

गयाजी। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमानके अनुसार, चक्रवात ' अर्णब ' के प्रभाव से आगामी 29 एवं 30 अक्टूबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में भारी वर्षा तथा गरज-चमक की संभावना को देखते हुए पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल सतर्क है। मंडल रेल प्रशासन संरक्षा एवं सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ तैयार है।

संभावित हवा और बारिश के दौरान स्टेशन परिसरों में प्लेटफार्म, शेड, भवनों एवं अन्य यात्री सुविधाओं के साथ ट्रैक और सिग्नल व्यवस्था की सतर्कतापूर्वक निगरानीकी जाएगी। वर्षा की मात्रा एवं जलभराव की स्थिति पर भी नजर रखी जाएगी। सुचारू एवं संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने के लिए रेलखंडों के आसपास चिन्हित कर पेड़ों की छंटाई, ओवरहेड विद्युत तारों के आसपास आवश्यक सावधानी, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की चौबीसों घंटे निगरानी तथा टावर वैगन की तत्परता सुनिश्चित की गई है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित कर्मचारियों एवं संसाधनों को तैयार रखा गया है।

मंडल से गुजरने वाली ट्रेनोंसे संबंधित संभावित परिचालन परिवर्तनों की सूचनाओं पर भी नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित रेल मंडलों के साथ समन्वय कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

नेशनल गेम में पत्रकार के बेटे रौनक ने जीता गोल्ड तो बेटी आस्था ने जीता सिल्वर

आमस (ससू)। आमस प्रखंडके चंडीस्थान निवासी और पत्रकार धर्मेंद्र कुमार सिंहके बेटा और बेटीने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम



रौशन किया है। दिल्ली में आयोजित चार दिवसीय नेशनल गेम में पत्रकार धर्मेंद्र कुमार सिंह के पुत्र रौनक कुमार की टीमने खो-खो में गोल्ड जीता है। जबकि पुत्री आस्था किरणकी टीमने सिल्वर जीत बिहार का मान बढ़ाया है। रौनक पहली ही बार में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया। दोनों ने कई राज्यों की टीमों को हराकर फाइनल तक का सफर पूरा किया। इसके बाद फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की। वहीं आस्था राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में 2024 में गोल्ड और 2025 व 2026 में सिल्वर जीता है। जीत कर दिल्ली से घर लौटी आस्था किरण ने बताया कि दृढ़ इच्छाशक्तिके साथ की गई कड़ी मेहनत कभी बेकार नहीं जाता। कहा आठवीं में डीएभी में एडमिशन होनेसे पूर्व वह खेलोंके बारेमें कुछ नहीं जानती थी। सिर्फ पढ़ाई करती थी। लेकिन जब मौका मिला तो कड़ी मेहनत करनेसे जरा पीछे नहीं हटा। बल्कि खुद को पढ़ाई के साथ खेलमें सबसे आगे रहनेकी सकारात्मक सोच बनाई और सफलता अपने आप आने लगी। इसमें कोंच और शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग मिला। ट्राफी जीतकर दिल्लीसे घर लौटने पर दोनों खिलाड़ियोंका भव्य स्वागत किया गया। मां किरण कुमारी, दादी मालती देवी, बड़े पापा डा सुरेंद्र कुमार सिंह, दादा राजेश्वर सिंह, फुआ सुनीता सिंह, सबिता सिंह, फूका निरंजन सिंह व पिंटू सिंह ने फूल, माला व गुलदस्ता देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। आस्था और रौनक के इस सफलतासे उनके पैतृक गांव गुरुआ प्रखंड की काज पंचायतके करतहींमें भी जश्न का माहौल है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, समाजसेवी मिथिलेश सिंह, रिटायर्ड शिक्षक रामाधार सिंह, गौतम सिंह, पुकार सिंह, जयमंगल सिंह, अशोक सिंह, आनंद कुमार, दीपक, कृष्णा ठाकुर, राहुल, भोलू, निखिल, लव सिंह समेत गांवके सभी ग्रामीणों ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं काज पंचायतके मुखिया रितेश सिंहने अपनी ओर से दोनों खिलाड़ियों को छात्र छात्राओंके लिए प्रेरणा बताया है। आमस बीडीओ नीरज कुमार राय, सीओ अरशद मदनी, प्रखंड प्रमुख लड्न खां, युवा नेता रोबिन सिंह, अजीत मिश्रा, शेखर चौरसिया, मो अली, मो इमरोज, अनवर हुसैन सोनी, सरफ़राज़ एनाम,मुखिया मनोज यादव, किशोर मांझी, चांदनी सिंह, चंपा देवी, दीपू सिंह, मुकेश गुप्ता, बीजेपी नेता रौशन गुप्ता, माधुरी जायसवाल, नीरज सिंह ने भी बधाई दी है।

वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर
केवल ई0 निविदा द्वितीय पद्धति के अनुसार बेवसाईट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
बिहार सरकार
अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :-10/2026-27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :- 23.10.2026
3. परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) एवं निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक-03.11.2026 से दिनांक-25.11.2026 को 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :- दिनांक-26.11.2026 को 3:30 बजे अपराह्न तक
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात
6. प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :- (1)दिनांक-12.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न मे अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान :- वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :- वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
9. निविदा वैधता की तिथि :- 120 दिन।
10. कार्य की विवरणी:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	ई-निविदा प्रोसेसिंग चार्ज का मूल्य(रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नयी और पुरानी व्यवहार न्यायालय, वैशाली, हाजीपुर के चारो तरफ Concertin Wire के साथ चहारदिवारी की उँचीकरण एवं संतरी पोस्ट का निर्माण कार्य।	51,12,750.00	1,02,300.00	10,000.00	eproc2 बेवसाईट के अनुसार	04 माह

11 इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र वेवसाइट पर www.eproc2.bihar.gov.in पर ही संसूचित किया जायेगा।
12. निविदा केवल ई-निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई-निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी **Toll Free No. 18005726571** एवं **Email Id: eproc2support@bihar.gov.in** पर कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।
13. विस्तृत जानकारी हेतु **www.state.bihar.gov.in/prdbihar or www.eproc2.bihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर
PR- 014349 (BCD) 2026-27
उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

होंडा कार्स इंडिया ने नई होंडा एलिवेट का किया अनावरण

गयाजी। भारत में प्रीमियम कारों की अग्रणी निर्माता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने नई होंडा एलिवेट का अनावरण किया। अपनी लोकप्रिय मिड-साइज़ एसयूवी को नया और प्रभावशाली रूप देते हुए, नई एलिवेट 'आल न्यू, आल बोल्ड' सोच के साथ पेश की गई है। इसमें अधिक दमदार और आकर्षक रोड प्रेजेंस के साथ बेहतर प्रीमियम आराम, नए दौर की अनेक सुविधाएँ और अधिक सुविधाजनक ड्राइविंग अनुभव मिलता है, जबकि होंडा की भरोसेमंद इंजीनियरिंग पहचान बरकरार है। सक्रिय और उत्साही जीवनशैली वाले नई पीढ़ी के एसयूवी ग्राहकों के लिए तैयार की गई नई एलिवेट उन्हें परिचित दायरेसे आगे बढ़कर खोज करनेके लिए प्रेरित करती है और हर यात्रा को आरामदायक, सहज तथा भरोसेमंद बनाती है।

अनावरण पर टिप्पणी करते हुए, साल्यूशंस होंडा के प्रबंध निदेशक अनुराग पोद्दार ने कहा, होंडा एलिवेटने अपने आत्मविश्वासपूर्ण डिज़ाइन, बहुमुखी उपयोगिता और आनंददायक ड्राइविंग अनुभव के माध्यम से ग्राहकों



के साथ मजबूत जुड़ाव बनाया है। नई एलिवेटके साथ हम इस पहचानको आगे बढ़ाते हुए डिज़ाइन, आराम, तकनीक और सुविधा के क्षेत्रोंमें महत्वपूर्ण सुधारों के साथ इसे और अधिक दमदार रूप दे रहे हैं। एलिवेट की बिक्री के लिए भारत प्रमुख बाज़ार है और इसी कारण नई एलिवेटको वैश्विक स्तर पर लांच करने वाला भारत पहला देश है। इसका अधिक दमदार और मजबूत स्टाइल तथा बेहतर प्रीमियम सुविधाएँ आज के एसयूवी खरीदारों की बदलती आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। उन्होंने आगे कहा, यह इस वित्त वर्षके लिए नियोजित छह प्रमुख लान्च में से तीसरा है। उम्मीद है कि नई एलिवेट मौजूदा त्योहारी सीज़नमें हमारी गति को बढ़ाने और ग्राहकों को अधिक रोमांचक विकल्प देकर हमारे उत्पाद पोटफोलियो को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

रौंदवा में स्कूल मैदान की बंदोबस्ती रद्द कराने और निर्माण रोकने की मांग

मोहनपुर (ससू)। मोहनपुर अंचलके रौंदवा मौजा में सर्वसाधारण जमीन पर निर्माण और स्कूल मैदान की बंदोबस्ती को लेकर विवाद गहरा गया है। बुधवार को जिला परिषद सदस्य, मुखिया समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन सौंपकर निर्माण रोकने, अतिक्रमण हटाने और बंदोबस्ती रद्द करने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित जमीन पर करीब 40 वर्षों से होलिका दहन, गोवर्धन पूजा और स्कूलके खेलकूदका आयोजन होता रहा है। मध्य विद्यालय रौंदवा और उत्क्रमित उच्च विद्यालय बगुलाके विद्यार्थी भी इस मैदान का उपयोग करते हैं। ग्रामीणोंने बंदोबस्ती और परवाना निर्गत करनेकी प्रक्रियाकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाईकी मांग की है। वहीं, सीओ से संपर्क करनेका प्रयास किया गया, इनका सरकारी मोबाइल नोन पर रिंग किया गया रिंग हुआ पर उन्होंने फोन काट दिया।

110 वर्षीय पूर्व मुखिया रामकिशुन महतो का निधन

मोहनपुर।जिले के मोहनपुर प्रखंड के अजनावां पंचायत के पूर्व मुखिया रहे 110 वर्षीय रामकिशुन महतो ऊर्फ रामलला का निधन बीते रात अपने पैतृक आवास पर हो गया है। वे 1978 से लगातार 27 वर्षों तक मुखिया रहे थे। वे अपने पीछे तीन बेटे व चार बेटियों समेत अनेक नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर इलाके के अनेक गणमान्य लोगों ने शोक जताया हैं और कहा है कि इनके निधनसे समाजको अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में स्थानीय जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा चंचल, वीरेंद्र कुमार, उपेंद्र प्रसाद, वार्ड सदस्य छोटू यादव, समाजसेवी रामाधार प्रसाद एवं मंगल सेठ समेत अन्य लोग शामिल हैं। आज इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुहाने नदी के तट पर किया गया। जहां उनके बड़े बेटे जगदीश प्रसाद ने मुखाग्नि दी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक) का कार्यालय
सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :-01SBD/2026-27
(राष्ट्रीय/राजकीय स्पर्द्धा)
(केवल -ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
(प्रतिशत दर निविदा)

1- कार्य की विवरणी

क्रं0	कार्य की विवरणी	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	बेल्ट्रॉन को देय प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यार्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Repair and Maintenance work of the canal gates and other components of Mechanical Structures located at various points along the Western Koshi Main Canal 0.35km. and between the 0.4km. And 33.79 km. of the Western Koshi Main Canal (Nepal Portion) under the Jurisdiction of the Chief Engineer (Irrigation Creation), Darbhanga and the Irrigation Mechanical Division, Birpur.	495.23964	9.91	10,000.00	11,800.00	2 माह

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि :- दिनांक 23.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि :- दिनांक 17.11.2026 से 25.11.2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक। (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री-बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि :- दिनांक 23.11.2026 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता (याँत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 25.11.2026 को समय 3.30 बजे अप0 तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- तकनीकी बीड की स्वीकृति के बाद अलग से सूचना दी जायेगी। (www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने का स्थान :- (www.eproc2.bihar.gov.in) पर
8. निविदा की वैधता अवधि :- 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक), सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, वीरपुर।
10. ई-निविदा मात्र (www.eproc2.bihar.gov.in) पर डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014361 (WRD) 2026-27
कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक),
सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
Mob. No.-8210141033
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

ज्ञान का वास्तविक महत्व उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग में : कुलपति

बोधगया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंस्टीटड्शन इनोवेशन कार्उसिल की इनोवेशन कमिटी ने आरएंडडी सेल के सहयोग से आईडिया इनोवेशन हैकाथान 1.0 का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विद्यार्थियों के नवाचारी विचारों की सराहना करते हुए उन्हें कार्यशील माडल



विकसित करने और विचारों को उपयोगी उत्पादों में बदलने के लिए प्रेरित किया।

कुलपतिने कहा कि ज्ञान का वास्तविक महत्व उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग में है। नवाचार ऐसे होने चाहिए, जो समाजकी जरूरतों को पूरा करने के साथ किफायती, पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से उपयोगी हों। उन्होंने विद्यार्थियोंसे रोजगार तलाशनेके बजाय रोजगार सृजित करनेवाले बनने तथा अपने विचारों को उद्यम और व्यावहारिक समाधान में बदलने का आ]वान किया। कार्यक्रम का आयोजन आईआईसी अध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें डा. विजय महोरे, प्रो. प्रवीण कुमार, डा. किशोर डीएस, डा. पीयूष कुमार सिंह, डा देवव्रत प्रसाद और डा प्रज्ञा गुप्ता की भूमिका रही। पीआरओ मोहम्मद मुदस्सिर आलम ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए।

सीयूएसबी की शोधार्थी निहारिका को यंग ज्योग्राफर्स अवार्ड में तृतीय पुरस्कार

बोधगया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की पीएचडी शोधार्थ्ह निहारिका को यंग ज्योग्राफर्स अवार्ड में तृतीय पुरस्कार मिला है। हिमाचल प्रदेश के ऊना



स्थित राजकीय महाविद्यालय में जियोग्राफिकल सोसाइटी अक्र हिमाचल प्रदेश की पांचवीं वार्षिक बैठक एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी में उन्हें सम्मानित किया गया। निहारिका भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रो. डा. मंजीत सिंहके मार्गदर्शन में शोध कर रही हैं। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा और विभागाध्यक्ष प्रो. किरण कुमारी ने उन्हें एवं उनके शोध पर्यवेक्षक को बधाई दी।

क्रेज़ी फुटबाल क्लब और बाल स्पोर्टिंग क्लब का मैच बराबरी पर

गयाजी। जिला फुटबाल लीग जूनियर डिवीजनके मैच में क्रेज़ी फुटबाल क्लब और बाल स्पोर्टिंग क्लब का मैच बराबरी में खेला गया। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने काफी अच्छे खेलका प्रदर्शन किया। बाल स्पोर्टिंग क्लब के अजीत कुमार राहुल कुमार सनी कुमार इन सबों को कई अच्छे प्रारंभ मौके प्राप्त हुए और उन मौके का फायदा नहीं उठाया और दोनों हाफ में कोई गोल नहीं बना पाये।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ने की बैठक

4 को गयाजी में जुटेंगे बीस हजार भाजपा कार्यकर्ता

टिकारी (आससे)। ऐतिहासिक नगर टिकारी के एक निजी भवन में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक जिला प्रभारी किसान मोर्चा अध्यक्ष गयाजी धनंजय कुमारकी उपस्थिति एवं नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन की



अध्यक्षतामे हुई! बैठक की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय एवं डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि के उपरांत बंदे मातरम, भारत माता के जय घोष से किया गया। आगामी चार नवंबर को गया के गांधी मैदानसे निकलने वाली भजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा अभियान की सफलताको लेकर रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा कर पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गई! बैठक मे उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा जिला महासचिव सह प्रवक्ता शिव बल्लभ मिश्र ने कहा कि प्रभारी के दिशा निर्देशानुसार टिकारी विधानसभा क्षेत्रसे भजपाके लगभग बीस हजार कार्यकर्ता गयाजी गांधी मैदान पहुंच कर पद यात्रा मे शामिल होंगे! बैठक मे भजपा वरीय नेत्री भुवन मोहिनी, भजपा किसान मोर्चा जिला महासचिव शिव बल्लभ मिश्र, नवीन पाण्डेय, संतोष कुमार, धीरज अम्बष्ट सहित कई कार्यकर्ता बैठक मे उपस्थित थे!